# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| | | |
|---|---|---|
| Class: X | Department: Hindi | Date of submission: NA |
| **Question Bank: 7** | **Topic: तताँरा - वामीरो कथा** | Note: Pl. file in portfolio |

**पाठ- तताँरा-वामीरो कथा - श्री लीलाधर मंडलोई - (1954)**

**प्रश्न 1. तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है?**

**उत्तरः** ततांरा-वामीरो अंडमान - निकोबार द्वीप समूह की कथा है।

**प्रश्न 2. वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?**

**उत्तरः** वामीरो जब गाना गा रही थी तब एकाएक समुद्र की एक ऊँची लहर ने उछल कर उसे भिगो दिया, इससे वामीरो हड़बड़ा गई और गाना भूल गई।

**प्रश्न 3. ततांरा ने वामीरो से क्या याचना की?**

**उत्तरः** ततांरा ने वामीरो से याचना की कि वह अपना गाना पूरा करे। उसने उसका नाम जानने और अगले दिन पुनः वहाँ आने की याचना की।

**प्रश्न 4. ततांरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी?**

**उत्तरः** ततांरा और वामीरो के गाँव की यह रीति थी कि विवाह के लिए लड़के-लड़की का एक ही गाँव का होना जरूरी था। दूसरे गाँव के युवक के साथ संबंध असंभव था।

**प्रश्न 5. क्रोध में ततांरा ने क्या किया?**

**उत्तरः** क्रोध में आकर ततांरा ने अपनी लकड़ी की दैवीय तलवार को धरती में घोप दिया और उसे ताकत से खींचते-खींचते दूर तक ले गया। इससे धरती दो टुकड़ों में बंट गई।

**प्रश्न 6. ततांरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?**

**उत्तरः** ततांरा की तलवार के बारे में लोगों का मत था कि ततांरा की तलवार यद्यपि लकड़ी की है, पर उसमें अद्भुत दैवीय शक्ति है। ततांरा अपनी तलवार को कभी अपने से अलग नहीं होने देता था। लोग यह मानते थे कि ततांरा अपने साहसिक कारनामे इसी तलवार के कारण ही कर पाता है।

**प्रश्न 7. वामीरो ने ततांरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया ?**

**उत्तरः** वामीरो ने ततांरा को बेरुखी से जवाब दिया कि पहले वह बताए कि वह कौन है? और वह उसे क्यों घूर रहा है? उसे ऐसा असंगत प्रश्न भी नहीं पूछना चाहिए क्योंकि गाँव की रीति के

अनुसार वह अपने गाँव के अतिरिक्त किसी अन्य गाँव के युवक के प्रश्न का उत्तर देने के लिए भी बाध्य नहीं है।

**प्रश्न 8. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?**
**उत्तरः** तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से उनके गाँव की जड़ रीति टूट गई। लोगों के एक दूसरे गाँवों में विवाह होने शुरू हो गए। अब दोनों गाँवों में आपसी वैवाहिक संबंध हो सकते हैं।

**प्रश्न 9. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे?**
**उत्तरः** निकोबार के लोग तताँरा को उसके साहसी और परोपकारी स्वभाव के कारण पसंद करते थे। वह एक सुंदर और शक्तिशाली युवक था। वह अपने गाँव वालों की ही नहीं, समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना अपना धर्म समझता था। सभी उसका आदर करते थे। मुसीबत की घड़ी में वह लोगों के पास तुरंत सहायता करने पहुँच जाता था।

**प्रश्न 10. निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?**
**उत्तरः** निकोबार द्वीप पर रहने वाले लोगों का विश्वास है कि कभी लिटिल अंडमान और कार-निकोबार नामक द्वीप आपस में मिले हुए थे। निकोबारी इस द्वीप समूह के विभक्त होने का कारण एक प्रेम कथा को मानते हैं। यह कथा तताँरा-वामीरो की है। तताँरा पासा गाँव का रहने वाला सुंदर, साहसी, मददगार और नेकदिल नवयुवक था। वामीरो समीप के गाँव लपाती की रहने वाली थी।

**प्रश्न 11. तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।**
**उत्तरः** तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद समुद्र के किनारे टहलने गया। सूर्यास्त के समय पक्षियों की मधुर चहचहाचहट धीरे-धीरे सुनाई दे रही थी। सूर्य की रंग-बिरंगी किरणें समुद्र के पानी में बहुत सुंदर दिख रही थीं। तताँरा ऐसे प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने लगा ।

**प्रश्न 12. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?**
**उत्तरः** वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के शांत जीवन में विक्षोभ पैदा हो गया। उसका हृदय व्यथित रहने लगा । उसे हमेशा शाम को वामीरो से मिलने की प्रतीक्षा रहने लगी। उसके गंभीर और शांत जीवन में ऐसा पहली बार हुआ था। वह इस स्थिति पर स्वयं भी अचंभित और रोमांचित था। वामीरो को देखते ही उसकी खुशी का ठिकाना न रहता था।

**प्रश्न 13. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?**

**उत्तरः** प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए अस्त्र-शस्त्र चलाने संबंधी आयोजन तथा पशु - पर्व किए जाते थे।

**प्रश्न 14. रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः** रूढ़ियाँ समाज के विकास में बाधक होती हैं। कभी-कभी रूढ़ियों के चलते मनुष्य का जीवन नरकमय हो जाता है। अतः इन रूढ़ियों का वर्तमान व्यवस्था के संदर्भ में टूट जाना ही बेहतर होता है। इससे सामाजिक विकास होता है तथा समरसता आती है।

**प्रश्न 15. जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा। आशय स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तरः** इन पंक्तियों में लेखक ने तताँरा के मनोभावों को व्यक्त किया है। तताँरा से अपना अपमान सहा न गया। जब वामीरो की माँ तथा उसके गाँववासियों ने उस पर लाँछन लगाया तो उसे अपमान से बचने का कोई उपाय न सूझा। उसने अपने क्रोध को शांत करने के लिए अपनी लकड़ी की दिव्य तलवार को पूरी शक्ति से धरती में घोंप दिया और खींचना आरंभ किया ।

**प्रश्न - निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए :**

तलवार निकाली और कुछ विचार करता रहा। क्रोध लगातार अग्नि की तरह बढ़ रहा था। लोग सहम उठे। एक सन्नाटा-सा खिंच गया। जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खीचने लगा। वह पसीने से नहा उठा। सब घबराए हुए थे। वह तलवार को अपनी तरफ खींचते-खींचते दूर तक पहुँच गया। वह हॉफ रहा था। अचानक जहाँ तक लकीर खिच गई थी, वहाँ एक दरार होने लगी। मानो धरती दो टुकड़ों में बँटने लगी हो। एक गड़गड़ाहट-सी गूँजने लगी और लकीर की सीध में धरती फटती ही जा रही थी। द्वीप के अंतिम सिरे तक तताँरा धरती को मानों क्रोध में काटता जा रहा था। सभी भयाकुल हो उठे। लोगों ने ऐसे दृश्य की कल्पना न की थी, वे सिहर उठे। उधर वामीरो फटती हुई धरती के किनारे चीखती हुई दौड़ रही थी तताँरा... तताँरा... तताँरा उसकी करुण चीख मानी गड़गड़ाहट में डूब गई। तताँरा दुर्भाग्यवश दूसरी तरफ था। द्वीप के अंतिम सिरे तक धरती को काटता वह जैसे ही अंतिम छोर पर पहुँया, द्वीप दो टुकड़ों में विभक्त हो चुका था। एक तरफ तताँरा था दूसरी तरफ वामीरो।

**(क) तताँरा ने खुली तलवार निकालकर क्या किया?**

(1) तलवार को धरती में घोंप दिया
(ii) वामीरो की गर्दन काट दी
(iii) गाँव वालों से युद्ध किया
(iv) उपरोक्त सभी

**(ख) धरती में दरार कैसे हो गई?**
(i) भूकंप से
(ii) समुद्री ज्वाभाटा से
(iii) तताँरा की तलवार से
(iv) भूस्खलन से

**(ग) तताँरा के क्रोध का क्या परिणाम निकला?**
(i) द्वीप के दो टुकड़े हो गए
(ii) धरती समुद्र में विलीन हो गई
(iii) नियम तोड़कर उसने वामीरो को अपना लिया
(iv) तताँरा ने सारे गाँव को नष्ट कर दिया

**(घ) तताँरा ने अपने क्रोध का शमन कैसे किया?**
(i) समुद्र में डूबकर
(ii) अपनी तलवार निकालकर
(iii) तलवार में शक्ति भरकर
(iv) अपनी तलवार धरती में घोंपकर

**(ङ) तताँरा-वामीरो अलग कैसे हुए?**
(i) गाँववालों के दबाव में
(ii) भूमि के दो भागों में कटने से
(iii) उपरोक्त दोनों
(iv) अपमान के डर से